शाहजहाँपुर पुलिस

112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 28.08.2024

थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान मोटरसाईकिल चोर को एक अदद चोरी की मोटरसाईकिल के साथ किया गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशनुसार, श्री मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में श्री हरपाल सिंह बालियान प्रभारी निरीक्षक पुवायाँ के नेतृत्व मे थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान मोटरसाईकिल चोर को एक अदद चोरी की मोटरसाईकिल के साथ किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 27.08.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की एक मोटरसाइकिल चलाकर ग्राम बेला छेदा की तरफ से बण्डा पुवायां हाईवे की तरफ आ रहा है जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है। जिस पर बण्डा पुवायां हाइवे से ग्राम बेला छेदा की तरफ जाने वाले रोड पर हाइवे से लगभग 400 मी0 की दूरी पर चैकिंग की गयी। थोडी ही देर में एक मोटरसाइकिल आयी जिसे चैकिंग हेतु रुकवाया गया। मोटरसाइकिल चालक से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो मो0सा0 चालक ने अपना नाम **अच्छन पुत्र नबी हसन निवासी ग्राम गदाई सण्डा थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर जाति शेख उम्र करीब 32 वर्ष** बताया। जामा तलाशी से दाहिने हाथ मे पकडे एक अदद मोटरसाइकिल **रजि नं0 RJ 02 BK 7047 हीरो स्पेलन्डर प्लस काला रंग** पीछे के दोनो इण्डिकेटर टूटे हुए पीछे वाली नम्बर प्लेट के नीचे मडगार्ड कटा हुआ बरामद हुई। उक्त मो0सा0 के पंजीकृत वाहन स्वामी से जानकारी की गयी तो उक्त मोटरसाईकिल थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर से चोरी होना पायी गयी तथा इस मो0सा0 के सम्बन्ध में **थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर पर मु0अ0सं0 528/24 धारा 379 भादवि** पंजीकृत होना पाया गया। अभि0 को उसके जुर्म धारा 35/106 BNSS व 317(2) BNS से अवगत कराकर समय करीब 23.45 बजे जायज हिरासत पुलिस लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही के पश्चात मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. अच्छन पुत्र नबी हसन निवासी ग्राम गदाई सण्डा थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 32 वर्ष

पंजीकृत अभियोग: –

1. **मु0अ0सं0 572/2024 धारा 35/106 बीएनएसएस व धारा 317(2) बीएनएस** थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर(अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही हैं)

बरामदगी का विवरण –

1. एक अदद **मोटरसाइकिल रजि नं0 RJ 02 BK 7047 हीरो स्पेलन्डर प्लस काला रंग चेसिस न0 MBLHAW088K4H11095 ईंजन न0 HA10AGK4H21946** पीछे के दोनो इण्डिकेटर टूटे हुए पीछे वाली नम्बर प्लेट के नीचे मडगार्ड कटा हुआ बरामद हुई।

पूछताछ विवरण:-

अभियुक्त अच्छन पुत्र नबी हसन उपरोक्त ने बताया कि यह मो0 साईकिल मैने लगभग 10-11 महीने पहले तिलहर से चुराई थी। इस मोटरसाईकिल को मै बाहर नही ले जाता था। मुझे पैसे की जरुरत थी इस वजह से मैने तब मैने मो0साईकिल चुराई थी। आज मै यह मो0साईकिल मौका पाकर शाहजहाँपुर बेचने के लिए जा रहा था कि पुलिस ने पकड लिया। साहब मै बेरोजगार हूँ मो0सा0 चोरी कर फिर बेचने से जो कमाई होती है उसी से अपने घर का खर्चा चलाता हूँ।

गिरफ्तारी टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरपाल सिंह बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 सचिन कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 1873 मनीष देशवाल थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2057 रोहित चौहान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर